हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार,19 अगस्त, 2019/28 श्रावण, 1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 63

जल रक्षकों की नियुक्ति

*1103 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में जल रक्षकों की नियुक्ति हुई थी; यदि हां, तो किन नियमों के अन्तर्गत यह नियुक्तियां की गई थीं; और

(ख) क्या सरकार इन जल रक्षकों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

महाविद्यालय मटौर

*1104 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) महाविद्यालय मटौर में कितने छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं; और

(ख) इस महाविद्यालय में अंग्रेजी, हिंदी, संगीत तथा शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ताओं के अतिरिक्त पद सृजित करने का सरकार विचार रखती है?

नगर एवं ग्राम योजना के अन्तर्गत गांव

*1105 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि यह सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अम्बोटा, अप्पर गगरेट, कलोह, बड़ोह, ओयल, शिवपुर, मुबारकपुर, कलरूही, अठवां, अप्पर अंदौरा एवं लोअर अंदौरा गावों को नगर एवं ग्राम योजना के तहत सम्मिलित किया गया है; यदि हां, तो क्या सरकार इन्हें जनहित में नगर एवं ग्राम योजना विभाग से बाहर करने का विचार रखती है?

नई पंचायतों का गठन

*1106 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार नई पंचायतों का गठन करने जा रही है; और

(ख) यदि हाँ, तो सरकार को कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नई पंचायतों के गठन हेतु कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; ब्यौरा दें?

नागरिक अस्पताल सुन्दरनगर

*1107 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) नागरिक अस्पताल सुन्दरनगर का उन्नयन कब किया गया; और

(ख) इस अस्पताल में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं व इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है ?

स्वीकृत पद

*1108 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत छात्रों की अधिक संख्या को देखते हुए अध्यापकों के और अधिक पद स्वीकृत करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; यदि नहीं तो कारण?

सरकारी भूमि का पट्टा

*1109 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) 1 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2019 तक किन गैर-सरकारी संस्थानों व किन व्यक्तियों को सरकारी भूमि पट्टे (Lease) पर दी गई है;

(ख) पट्टे पर दी गई भूमि की Lease money व समय अवधि तथा गैर सरकारी संस्थानों का ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ग) पट्टे (lease) पर दी गई सरकारी भूमि का उपयोग किन कार्यों के लिए किया जाना है; ब्यौरा दें?

बस सेवा

*1110 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मलाणा, ब्राधा, शांगचान और पीनी क्षेत्र में बस सेवा बहाल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Creation of Posts

*1111 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state whether there is any proposal of the Govenment to create the posts of Junior Engineers Electrical and Mechanical in the Irrigation & Public Health Department; if yes, by when?

Water Tank

*1112 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state what is the latest position of the work of roofing the two water tanks in Municipal Committee Solan?

भूमि का हस्तांतरण

***1113 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में भवन बन गए हैं लेकिन भूमि शिक्षा विभाग के नाम हस्तांतरित नहीं की गई है; ब्यौरा पाठशालाओं के नाम सहित दें?

शाह नहर परियोजना

***1114 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शाह नहर परियोजना के रख-रखाव के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ख) इस परियोजना के अन्तर्गत सिंचाई से वंचित क्षेत्र हेतु "प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना" में मन्जूर हुई धनराशि की दूसरी किस्त कब तक जारी कर दी जाएगी?

चिकित्सकों के पद

***1115 कर्नल इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में चिकित्सकों के कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा वर्गवार व संस्थानवार दें;

(ख) इनमें कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ग) यह सत्य है कि चौक पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की अधिसूचना जारी कर दी गई थी; और

(घ) यह सत्य है कि स्टाफ के पदों की अधिसूचना जारी नहीं की गई है; यह कब तक जारी कर दी जाएगी और रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

ट्रांसफार्मर की स्थापना

*1116 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक विद्युत मण्डल चौपाल व ठियोग के सैन्ज उपमण्डल में कितने ट्रांसफार्मर प्रस्तावित थे, कितने स्वीकृत किये गये और कितने लगाए गये, ब्यौरा स्थान सहित दें; और

(ख) इस मण्डल/उपमण्डल में पुराने खम्बे बदलने व नई तार लगाने के लिए विभाग द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई जा रही है; ब्यौरा दें?

टाउन हॉल का निर्माण

*1117 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सुजानपुर नगर में टाऊन हॉल के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

*1118 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इन्हे भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ख) राजकीय महाविद्यालय बनान्दर (लडभड़ोल) के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

आर्थिक सहायता के लम्बित मामले

*1119 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में दिनांक 31-07-2019 तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुग्रह राशि (Gratuitous Relief Fund) के कितने मामले लम्बित हैं तथा इन्हें कब तक निपटा दिया जायेगा ?

Sari Bhawan

*1120 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state why the construction of Sari Bhawan at Nigul Sari has been stopped and how much amount has been spent till date?

नगर पंचायत क्षेत्र

*1121 **श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पंचायत पपरोला-बैजनाथ में सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पंचायत से बाहर करने का विचार रखती है?

बाता-माजरा सिंचाई नहर

*1122 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल पांवटा साहिब में बाता-माजरा सिंचाई नहर कब निर्मित की गई थी; इससे कितनी भूमि सिंचित की जाती है; और

(ख) यह नहर कब से बन्द पड़ी है तथा इसे पुनः चालू करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

बी0 एस0 एम0 डी0 नगरोटा बगवां मण्डल

*1123 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बी0एस0एम0डी0 नगरोटा बगवां मण्डल के अन्तर्गत बस अड्डों व वर्कशॉपस में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक इस मण्डल के अन्तर्गत कितने बस अड्डों व वर्कशॉपों का निर्माण कार्य चल रहा है व कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

वन रक्षक प्रशिक्षण केन्द्र

*1124 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुटेड़ ग्राम पंचायत के अन्तर्गत बन्द पड़े वन रक्षक प्रशिक्षण केन्द्र में सरकार कोई अन्य संस्थान खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

एफ0आर0ए0/एफ0सी0ए0क्लीयरैंस

*1125 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्माणाधीन सड़कों के FRA/FCA क्लीयरैंस के कितने मामले प्राप्त हुए हैं तथा इनकी क्लीयरैंस की अनुमति कब तक प्रदान कर दी जायेगी?

सृजित पद

*1126 **श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला बिलासपुर में स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं, कितने भरे गये हैं; ब्यौरा चिकित्सा खण्ड/निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) खण्ड चिकित्सा अधिकारी झण्डुता का पद कब से रिक्त है और इसे भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

योजनायों पर व्यय धनराशि

*1127 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बाह्य फंडिंग एजेंसियों द्वारा विभिन्न योजनाओं पर 90% अनुदान केंद्र से तथा 10% अनुदान ऋण के रूप में प्राप्त होता है;

(ख) यदि हां, तो कितनी योजनाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ग) सरकार द्वारा इन फंडिंग एजेंसियों के साथ कितने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए तथा इसके उपरान्त कितनी धनराशि प्रतिपूर्ति अदायगी के तौर पर प्रदेश को मिल चुकी है; ब्यौरा दें?

ITI Building Dargi

***1128 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state what is the latest postion of construction of ITI building at Dargi?

विधायक प्राथमिकता

***1129 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्ष में दिनांक 31-07-2019 तक विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किए गए; और

(ख) इन कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितने कार्य विभिन्न विभागों द्वारा कार्यान्वित किए गए तथा कितने कार्य पूर्ण नहीं हुए?

Bus Accident

***1130 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) when was the Private bus bearing registration number HP-66-7065 registered which met with an accident near Bheoot Mod (भेऊट मोड़) on 20th June, 2019;

(b) what was the manufacturing date of the bus and who was its first owner; and

(c) who was responsible for passing of the bus and which was the last passing date of the bus prior to the accident?

Vacant Posts

***1131 Sh. Hoshyar Singh (Dehra):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of HEO, HDO, Beldar and Mali are lying vacant in Blocks Dehra, Pragpur and Nagrota Surian; by when these posts will be filled-up; and

(b) is there any proposal to delegate the D.D.O. powers to SMS; if yes, by when?

पदपूर्ति

***1132 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वैदिक अस्पताल व स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत हैं; और

(ख) इन स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

तटीयकरण

***1133 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाली सुकेती खड्ड व इसके साथ लगती अन्य खड्डों के तटीयकरण का कार्य कब प्रारम्भ किया जाएगा तथा इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है?

Water Supply Scheme

***1134 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state what is the latest position of Kurpan-Khad & Nankhari Drinking Water Supply Scheme and by when it will be completed?

पर्यटन को बढ़ावा

***1135 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दयून्सर सदाशिव मन्दिर तथा राजपुर जसवां के महल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है?

निजी स्कूल बस दुर्घटना

***1136 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत वर्ष में रेणुकाजी में निजी स्कूल बस दुर्घटना हुई थी उस पर सरकार ने स्कूल प्रबंधक कमेटी के खिलाफ क्या कार्रवाई अमल में लाई; और

(ख) क्या सरकार ने इस स्कूल को दोबारा चलाने की अनुमति दी है या नहीं?

विकास कार्य

***1137 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक निधि तथा सांसद निधि से विकास कार्यों के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई तथा कितनी व्यय की गई; विभागवार ब्यौरा दें?

बस टैक्स

***1138 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पंजाब की तर्ज पर ए0सी0 कोच बसों का टैक्स कम करने का विचार रखती है?

पशु औषधालय निर्माण

*1139 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि भट्टाकुफर में पशु औषधालय भवन का निर्माण किया जाना है; यदि हां, तो कब तक कार्य प्रारम्भ किया जाएगा?

सीमेंट प्लांट

*1140 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत धन्यारा व हाड़ाबोई पंचायतों में सीमेंट का कारखाना लगाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

निवेश हेतु समझौता ज्ञापन

*1141 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक मुख्य मन्त्री ने अपने विदेश व देश के दौरों के दौरान कितने निवेश के समझौते (MOU) हस्ताक्षरित किए हैं; ब्यौरा समझौतों की तिथि सहित दें;

(ख) ये समझौते (MOU) किन-किन कंपनियों के साथ व किन-किन कार्यों के लिए किए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) इन समझौतों के माध्यम से होने वाले निवेश से कितने रोजगार के अवसर प्रदेश में सृजित होंगे; ब्यौरा दें?

विधायक क्षेत्र विकास निधि

*1142 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी धनराशि विधायक क्षेत्र विकास निधि के तहत आवंटित की गई; ब्यौरा पंचायतवार व योजनावार दें; और

(ख) दिनांक 31.07.2019 तक ब्लॉक कुल्लू और नग्गर द्वारा कौन-कौन सी स्कीमों के

यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट (Utilization Certificate) जिला परियोजना अधिकारी कुल्लू को दिए हैं; लंबित योजनाओं का ब्यौरा पंचायतवार व धनराशि सहित दें तथा यह धनराशि कब स्वीकृत हुई थी; ब्यौरा दें ?

गृहिणी सुविधा योजना

*1143 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31-07-2019 तक गृहिणी सुविधा योजना के अन्तर्गत हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने गैस कनैक्शन आबंटित किये गये और कितने परिवार शेष हैं जिन्हें गैस कनैक्शन आवंटित नहीं किए गए हैं?

Police Thana Syri Bungalow

*1144 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state what is the latest position of upgradation of police chowki as Police Thana in Syri Bungalow?

कोट-देविदढ़ सड़क

*1145 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कोट-देविदढ़ सड़क की टारिंग हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी; कितनी व्यय की गई तथा इसकी टारिंग का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

पेंशन की पात्रता

*1146 **श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन की पात्रता के लिए ग्राम सभा प्रस्ताव के स्थान पर पंचायत प्रस्ताव को ही मान्यता देगी; यदि हां, तो कब तक?

सीर खड्ड का तटीयकरण

*1147 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में सीर खड्ड के तटीयकरण का कार्य बंद पड़ा है; और

(ख) यदि हां, तो यह कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

भवन निर्माण

*1148 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल चौपाल और नेरवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुपवी व बलधार तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है, कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा संस्थानवार दें?

सब-स्टेशन का निर्माण

*1149 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लम्बरी के औंसला गाँव में 33 के0वी0 सब-स्टेशन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

पदपूर्ति

*1150 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियन्ताओं व फील्ड स्टॉफ के कितने पद रिक्त हैं इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) गत दो वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई; इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) इस अवधि में कितने लोगों को इस विभाग द्वारा करुणामूलक आधार पर नियुक्तियां प्रदान की गई है; ब्यौरा नाम सहित दें?

बस क्रय

***1151 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा कितनी नई बसें खरीदी और किस किस डिपो को कितनी बसें आवंटित की गई; ब्यौरा डिपोवार दें; और

(ख) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने बस रूट बंद किए गए और इन्हें पुनः बहाल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

Bailey Bridge

***1152 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state what is the latest position of Bailey Bridge to be construted over river Baspa on Palingche-Shong link road under Bhaba Nagar Public Works Division?

नए वाहन एवं मशीनरी

***1153 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण मण्डल बैजनाथ में उपलब्ध वाहन एवं मशीनरी बहुत पुराने हो चुके हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार नई मशीनरी एवं वाहन उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

स्टोन क्रशर

*1154 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में पांवटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने स्टोन क्रशर चल रहे हैं; और

(ख) स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत इन स्टोन क्रैशरों से कितनी धनराशि प्राप्त हुई व पांवटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कहाँ-कहाँ व्यय की गई?

महिला हैल्थ वर्कज

*1155 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या सरकार स्टाफ नर्सों व फार्मासिस्टों की तर्ज पर फीमेल हैल्थ वर्कर्ज (ए0 एन0 एम0) के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में संशोधन का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सरकार फीमेल हैल्थ वर्कर्ज (ए0 एन0 एम0) को बैचवाईज भरने का विचार रखती है?

पौंग बांध

*1156 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पौंग बांध विस्थापितों को राजस्थान में भूमि पट्टे आबंटित करने व विस्थापितों को बसाने की सरकार की क्या योजना है;

(ख) ऐसे कुल कितने परिवार हैं जो पौंग बांध से विस्थापित हुए हैं व कितने परिवारों को राजस्थान में भूमि प्रदान की गई है; परिवार सहित ब्यौरा दें;

(ग) कितने विस्थापित परिवार बस चुके हैं और कितने विस्थापितों की भूमि पर जबरन अन्य द्वारा कब्जा किया गया है; क्या सरकार उनके खिलाफ कोई कार्रवाई कर रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(घ) DC, R&R कार्यालय राजा का तालाब की पौंग बांध विस्थापितों के प्रति क्या जिम्मेवारी है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

*1157 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पशु औषधालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं तथा सरकार इन्हें भरने हेतु क्या पग उठा रही है?

अवैध कटान

*1158 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31-7-2019 तक वन मंडल बिलासपुर के अन्तर्गत कितने मामले अवैध खैर कटान के दर्ज किए गए तथा सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

Dalohghati-Dharogra Road

*1159 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is fact that forest clearance for construction of Dalohghati to Dharogra road was accorded by the Forest Department in the year 2017; and

(b) if so, why the construction work undertaken by the Public Works Department was stopped and by when the work will be started?

खनन की लीज

*1160 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा ऊना जिला में कितने लोगों को रेत खनन की लीज दी गयी; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) खनन विभाग द्वारा कुल कितने M-Form लीज धारकों को उपलब्ध करवाए गए व इन द्वारा कितना राजस्व सरकारी कोष में जमा हुआ; और

(ग) पुलिस व अन्य विभागों द्वारा अवैध माइनिंग रेत के कितने अवैध डंप व कहाँ-कहाँ कौन-कौन से गांव में नष्ट किये गए तथा इनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई व चालान काटने से कितना राजस्व सरकार को प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें?

Mutation of allotted Agriculture land

***1161 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many farmers have applied for mutation of agricuture land allotted to them prior to the enactment of the Forest Conservation Act, 1980 in Kumarsain and Theog Tehsils, but the mutations have not been done;

(b) what are the reasons for not recording the mutations for such allotted land and also provide the names of all such farmers; and

(c) has the Forest Department declared such farmers as encroachers on forest land?

Vacant Posts

***1162 Sh. Hoshyar Singh (Dehra):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state how many posts of different categories in Agriculture Department are lying vacant in Blocks Dehra, Pragpur and Nagrota Surian and by when these posts will be filled up?

विद्युत गृह निर्माण

***1163 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खियूरी गाँव (बग्गी) में भांखड़ा ब्यास मैनेजमेंन्ट बोर्ड द्वारा निर्मित होने वाले 40 मैगावाट के विद्युत गृह के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

Engineering College Kotla

***1164 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state what is the latest position of the construction of Engineering College building at Kotla (Rampur); how much is the provision of funds and by when the work will be completed?

मादक पदार्थों के मामले

***1165 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला ऊना में 01 अप्रैल 2018 से 31 जुलाई 2019 तक सिंथैटिक ड्रग (चिट्टा, चरस व अफीम) तथा अवैध रूप से शराब बेचने के कितने मामले पकड़े गये; और

(ख) पकड़े गये मादक पदार्थों की मात्रा क्या है तथा अपराधियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 3 अगस्त, 2019. **सचिव।**